# मिसौरी पूर्वप्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग
## शिक्षा प्राप्ति सेवा संभाग - विशेष शिक्षा कार्यालय

# स्पेशल एजुकेशन (विशेष शिक्षा) सर्वे

## निर्देश

प्रिय माता/पिता,

The Missouri Department of Elementary and Secondary Education (मिसौरी पूर्व-प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग) के लिए मिसौरी के सभी स्कूलों में सभी माता-पिता की राय बहुमूल्य है। हम आपके बच्चे को प्राप्त होने वाली विशेष शिक्षा (स्पेशल एजुकेशन) सेवाओं के बारे में इस संक्षिप्त सर्वे के उत्तर देने के लिए समय निकालने के लिए आपकी सराहना करते हैं। यह सर्वे गोपनीय है; आपके व्यक्तिगत उत्तरों को स्कूल डिस्ट्रिक्ट के साथ या किसी और के साथ साझा नहीं किया जाता हैष केवल सभी प्रतिभावों का सार स्कूल डिस्ट्रिक्टों को उपलब्ध कराया जाता है ताकि सभी स्कूल हमारे बच्चों के लिए शिक्षा को बेहतर बनाएं। आप इस सर्वे को दो तरीकों से पूरा कर सकते/सकती हैं; **(1)** ऑनलाइन, या **(2)** नीचे दिए हुए आइटम्स को पूरा करके सर्वे को प्रदान पते पर डाक से भेज कर। **कृपया इस सर्वे को 31 मार्च तक पूरा कर लें।** आपका इनपुट प्रदान करने के लिए आपका बहुत धन्यवाद।

**डाक:** आप निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देकर इस दस्तावेज़ को डाक से निम्नलिखित पते पर भेज सकते/सकती हैं:

Special Education Survey
University of Missouri – Institute of Public Policy
137 Middlebush Hall
Columbia, MO 65211

## सर्वे के प्रश्न

**डिस्ट्रिक्ट:** **डिस्ट्रिक्ट कोड:**

| **कृपया हर आइटम की दाँयी ओर दिए गोलों में से <u>एक</u> को भरें** | हिस्पैनिक/लैटिनो मूल जाती चाहे जो भी हो | एशियन | नेटिव हवायन या अन्य पैसिफिक आइलैंडर | ब्लैक या आफ्रिकन अमेरिकन | अमेरिकन इंडियन | श्वेत या व्हाइट | दो या अधिक जातियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) कृपया वह **एक** वर्ग चुनें जो आपके बच्चे की जाती या मूलवंश का श्रेष्ठ वर्णन करता हो | O | O | O | O | O | O | O |

| | प्रीस्कूल | एलिमेन्टरी (ग्रेड K-6) | सेकेन्डरी (ग्रेड 7-12) |
|---|---|---|---|
| 2) आपका बच्चा कौनसे ग्रेड लेवल में है? | O | O | O |

| | 1 साल से कम | 1-2 साल | 3-5 साल | 5 साल या ज्यादा |
|---|---|---|---|---|
| 3) आपका बच्चा इस स्कूल डिस्ट्रिक्ट में कितने वक्त से स्पेशल एजुकेशन सर्विसिस (विशेष शिक्षा सेवा) पा रहा है? | O | O | O | O |

| | पूरी तरह असहमत | असहमत | निष्पक्ष | सहमत | पूरी तरह सहमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 4) मेरे बच्चे का स्कूल माता-पिता को विशेष शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है। | O | O | O | O | O |
| 5) मेरे बच्चे के स्कूल के शिक्षकों और अन्य पेशेवरों ने मुझे अक्षमताओं वाले विद्यार्थियो के माता-पिता के लिए सहायता प्रदान करने वाले संस्थानों के बारे में जानकारी दी है। | O | O | O | O | O |
| 6) मेरे बच्चे का स्कूल समझाता है कि अगर वे स्कूल के निर्णय से सहमत न हों, तो मातापिता के पास कौनसे विकल्प हैं। | O | O | O | O | O |
| 7) मेरे बच्चे के स्कूल के शिक्षकों और अन्य पेशेवरों ने विशेष शिक्षा सेवाएं कितनी अच्छी तरह से मेरे बच्चे की ज़रूरतों को पूरा कर रही है इसके बारे में मेरी राय माँगी है। | O | O | O | O | O |
| 8) मेरे बच्चे के स्कूल के शिक्षक और प्रशासक मुझे निर्णय लेने की प्रक्रिया में हिस्सा लेने के ले प्रोत्साहन देते हैं। | O | O | O | O | O |
| 9) मेरे बच्चे की स्कूल के शिक्षक और अन्य पेशेवर मुझ से मेरे बच्चे के वैयक्तिकृत शिक्षा प्रोग्राम (IEP) के लक्ष्यों में हुई प्रगति के बारे में अवगत कराते हैं। | O | O | O | O | O |
| 10) मेरे बच्चे के प्रोग्राम की योजना बनाने में मुझे शिक्षकों और अन्य पेशेवरों के साथ समान साझीदार माना जाता है। | O | O | O | O | O |
| 11) मेरे बच्चे की शिक्षा में मेरी शामिलगीरी ने उसकी उपलब्धियों को बेहतर बनाया है। | O | O | O | O | O |
| 12) मेरे बच्चे का स्कूल माता-पिता को शामिल होने के लिए प्रोत्साहन देते हैं। | O | O | O | O | O |
| ***अगर आपका बच्चा 16 साल का या उससे बड़ा हो तो निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।*** | O | O | O | O | O |
| 13) मेरे बच्चे का स्कूल उन एजेन्सियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है जो मरे बच्चे को स्कूल से करियर, तकनीकी प्रशिक्षण या उच्च शिक्षा में पारगमन में सहायक हो सकती हैं। | O | O | O | O | O |

डिपार्टमेन्ट ऑफ एलिमेन्टरी एंड सेकेन्डरी एजुकेशन जाती, रंग, धर्म, लिंग, यौन पसंद, मूल राष्ट्रीयता, आयु, सैनिक स्थिति, मानसिक या शारीरिक अक्षमता या कानून द्वारा प्रतिबंधित अन्य किसी आधार पर अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों में भेदभाव नहीं करता है। डिपार्टमेन्ट के अक्षम व्यक्ति जिन तक पहुँच बना सके ऐसे कार्यक्रमों और सेवाओं, गतिविधियों और सुविधाओं के स्थान के बारे में प्रश्न Jefferson State Office Building, Director of Civil Rights Compliance and MOA Coordinator (Title VI/Title IX/504/ADA/ADAAA/Age Act/GINA/USDA Title VI), 5th Floor, 205 Jefferson Street, P.O. Box 480, Jefferson City, MO 65102-0480; टेलीफ़ोन नंबर 573-526-4757 या टीटीवाय 800-735-2966; ईमेल **civilrights@dese.mo.gov** को भेजे जा सकते हैं।

MO 500-2986 (12-20)